

Illustrations by Augusto Zambonato

# क्या आप सेवकाई के इस महत्वपूर्ण भाग को भूल रहे हैं ?

*सेवकाई "उनके साथ आनंदित होना है जो आनन्दित हैं" जितना कि "उनके साथ रोना है जो रोते हैं" (रोमियों 12:15)।*

जब हम सेवकाई के बारे में सोचते हैं, तो जरूरतमंद लोगों की मदद करने के बारे में आसानी से सोचते हैं । हम विधवा के लिए बागवानी करने, बीमारों को रात का खाना देने या संघर्ष करने वालों को देने की बात करते हैं। हम पौलुस की सलाह को याद करते हैं जो हमें सिखाती है कि हम "उनके साथ रोएं जो रोते हैं," लेकिन क्या हम पर्याप्त ध्यान उस अनुवाक्य के *पहले* भाग पर देते हैं जो कहता है कि -"उनके साथ आनंदित हो जो आनंदित हैं"? (रोमियों 12:15)। उद्धारकर्ता की तरह सेवकाई करने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि हम उनके साथ आनंदित हो जिनकी हम सेवकाई करते हैं—चाहे उसका मतलब उनकी सफलता को मनाना हो या उन्हें मुश्किल समय में खुशी खोजने में मदद करना हो ।

यहां तीन सुझाव हैं जो (और एक से हम दूर रह सकते हैं) जो हमारी मदद कर सकते हैं जैसे कि हम अपने जीवन में उस अच्छाई पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जिसे परमेश्वर हमारे जीवन में रखते हैं ।

### 1. जागरूक रहें

बोनी एच.कॉर्डन, युवतियों की जनरल अध्यक्ष, हमें समझाने में मदद करती हैं कि हमें उन्हें *देखने* की ज़रूरत है जिनकी हम सेवकाई करते हैं—न केवल उनके बोझ और संघर्ष को, बल्कि उनकी ताकत, प्रतिभा और सफलता को भी । उन्होनें कहा कि हमें "एक विजेता और विश्वासपात्र होना चाहिए- वो जो उनकी परिस्थितियों से अवगत हो और उनकी आशाओं और आकांक्षाओं में उनका समर्थन करता हो ।"[1]

भेड़ और बकरियों के दृष्टांत में, उद्धारकर्ता ने कहा कि जो लोग उसके दाहिने हाथ पर पाए जाएंगे, वे पूछेंगे: “हे प्रभु, हमने कब तुझे भुखा देखा, और तुझे खिलाया? या प्यासा, और तुझे पिलाया?

“हमने कब तुझे एक अनजान व्यक्ति देखा, और तुझे अंदर लिया ?” (मत्ती 25:37-38)।

“भाइयों और बहनों, महत्वपूर्ण शब्द है *देखा,*” सिस्टर कॉर्डन ने कहा। “धर्मी ने उन लोगों को ज़रूरत में देखा क्योंकि वे रखवाली और ध्यान दे रहे थे। हम भी एक निगरानी भरी नज़र रख सकते हैं सहायता करने और आराम देने के लिए, जश्न मनाने और यहाँ तक कि सपने देख सकते हैं।”[2]

**2. जश्न मनाने के कारण खोजें**

बड़ी या छोटी सफलताओं का जश्न मनाए। यह कैंसर पर जीत प्राप्त करना हो सकता है या ब्रेकअप पर क़ाबू पाना हो सकता है, एक नई नौकरी ढूंढना हो सकता है या एक खोए हुए जूते को पाना,किसी प्रिय को खोने के बाद एक महीना गुज़ारना या चीनी के बिना एक सप्ताह तक जीवित रहना हो सकता है।

बधाई देने के लिए कॉल करें, कार्ड दे ,या दोपहर के भोजन के लिए बाहर जाएं। हमारे आशीर्वादों को एक साथ साझा करके, कृतज्ञता के साथ रहना, और दूसरों के आशीर्वाद और सफलताओं का जश्न मनाते हुए, हम “हमारे भाइयों की खुशी में आनंद लेते हैं”(अलमा 30:34)।

**3. प्रभु का हाथ देखें**

कभी-कभी दूसरों के साथ आनंदित होने का अर्थ है कि उन्हें आनंदित करने के कारणों को देखने में मदद करना - चाहे हमारे जीवन में कोई भी कठिनाई या प्रसन्नता क्यों न हो। यह सरल सत्य कि स्वर्गीय पिता हमारे बारे में जागरूक हैं और हमारे उत्थान के लिए तैयार हैं एक अविश्वसनीय आनंद का स्रोत हो सकता है।

आप दूसरों को उनके जीवन में प्रभु के हाथ को दिखाने में मदद कर सकते हैं और बता सकते हैं कि आपने अपने जीवन में प्रभु का हाथ कैसे देखा है। स्वर्गीय पिता ने आपकी चुनौतियों के माध्यम से आपकी मदद करने के तरीके को बताने के लिए पर्याप्त संवेदनशील बनें। यह गवाही दूसरों को पहचानने और यह स्वीकार करने में मदद कर सकती है कि उसने उनकी मदद कैसे की है (देखें 21 मुसायाह 24:14) ।

**4. आनंद मनाने के लिए अपनी योग्यता को सीमित न करें**

दुर्भाग्य से, हम कभी-कभी दूसरों के साथ आनंदित होने के लिए अपनी स्वयं की क्षमता को सीमित कर सकते हैं, विशेष रूप से तब जब हम जीवन में क्या प्रदान कर सकते हैं या हम कहाँ हैं, इस बारे में असुरक्षित महसूस करते हैं। दूसरे की खुशी में खुशी पाने के बजाय, हम तुलना के जाल में पड़ जाते हैं। और जैसे कि एल्डर क्विनटिन एल. कूक ने सिखाया है जो बारह प्रेरितों के परिषद से हैं कि :“आशीषों की तुलना करना लगभग आनंद को निकाल देता है। हम एक ही समय में आभारी और ईर्ष्यालु नहीं हो सकते।”[3]

“हम लगभग हर किसी में इस तरह की प्रवृत्ति जो इतनी सामान्य है पर कैसे काबू पा सकते हैं?” बारह प्रेरितों के परिषद के एल्डर जैफ्री आर. हॉलैंड ने पूछा।“... हम अपने कई आशीषों की गिनती कर सकते हैं और हम दूसरों की उपलब्धियों की सराहना कर सकते हैं। सभी के लिए, हम दूसरों की सेवा कर सकते हैं, दिल के लिए सबसे अच्छा व्यायाम जो कभी निर्धारित किया गया है।”[4] तुलना करने के बजाय, हम उन लोगों की तारीफ कर सकते हैं जिनकी हम सेवकाई करते हैं। उनके बारे में या उनके परिवार के सदस्यों में आप क्या सराहते हैं के बारे खुलकर बताएं।

जैसे की पौलुस हमें याद दिलाते हैं कि, हम सब मसीह की देह के सदस्य हैं, और जब “एक सदस्य को सम्मानित किया जाता है, तो सभी सदस्य इससे खुश होते हैं”(1कुरिन्थियों 12:26) स्वर्गीय पिता की मदद से, हम दूसरों के अनुभवों से अवगत हो सकते हैं, बड़ी और छोटी सफलताओं का जश्न मना सकते हैं, उन्हें प्रभु के हाथ को पहचानने में मदद कर सकते हैं, और ईर्ष्या को दूर कर सकते हैं ताकि हम दूसरों की आशीषों, योग्यताओं और खुशिओं में एक साथ आनंदित हो सकें।

## उद्धारकर्ता का उदाहरण

यीशु मसीह अक्सर दूसरों की खुशी में आनंदित होता है। उन्होंने कैना में शादी में भाग लिया, जहां उन्होंने न केवल खुशी का जश्न मनाया बल्कि पानी को वाइन में बदला (देखें यूहन्ना 2:1-11)। हम उन लोगों के जीवन में विशेष कार्यक्रमों में शामिल होने का प्रयास कर सकते हैं जिनकी हम सेवा करते हैं।

हम दूसरों की धार्मिकता पर आनंद लेने वाले उद्धारकर्ता को भी देखते हैं। जब वह नफाइयों के पास गया, तो उसने उनसे कहा, "तुम्हारे विश्वास के कारण तुम धन्य हो। और अब देखो, मेरा आनंद पूरा हो गया है" (3 नफी 17:20)।

## कार्य करने का निमंत्रण

उन पर विचार करें जिनकी आप सेवा करते हैं। उनके पास क्या योग्यता और ताकत है? उनके पास क्या अवसर या सफलताएँ हैं? आप उनके साथ कैसे खुशी मना सकते हैं, उनकी तारीफ कर सकते हैं या उन्हें प्रोत्साहित कर सकते हैं?


**विवरण**

1. बोन्नीएच.कार्डोन,"एक चरवाहा बनना", *लियाहोना,* नवम्बर. 2018,75।
2. बोन्नीएच.कार्डोन,"एक चरवाहा बनना," 75।
3. क्विनटिनएल. कूक, "आनंद!" *Ensign,* Nov. 1996, 30.
4. Jeffrey R. Holland, "The Ministry of Reconciliation," *Liahona,* Nov. 2002, 64.



© 2019 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा। सर्वाधिकार सुरक्षित। भारत में छपी। अंग्रेजी अनुमति : 6/18। अनुवाद अनुमति 6/18। *Ministering Principles, October 2019* का अनुवाद. Hindi. 15771 294